## एक नजर में

### 15 से 20 दिसंबर तक राशन वितरण होगा

**उज्जैन।** दिसंबर माह में आगामी 15 से 20 दिसंबर तक जिले की समस्त उचित मूल्य दुकानों पर प्रभावी रुप से राशन वितरण किया जाएगा। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।आदेश के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अपने क्षेत्रांतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर नोडल अधिकारी नियुक्ति आदेश जारी करेंगे। राशन वितरण हेतु पूर्व से नियुक्त नोडल अधिकारी अनिवार्यत: दुकान पर उपस्थित रहकर 95 प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को राशन वितरण कराएंगे एवं की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। आपदा प्रबंधन अंतर्गत जिला स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष के अमले द्वारा राशन वितरण अवधि में उचित मूल्य दुकानों के खुलने एवं राशन वितरण हेतु कॉलिंग की जाएगी। कार्यक्षेत्र अनुसार संबंधित समिति प्रशासक, समिति प्रबंधक एवं शाखा प्रबंधक अधीनस्थ उचित मूल्य दुकानों की मॉनीटरिंग करेंगे एवं माह नवंबर के राशन प्राप्त होने से शेष हितग्राहियों को शत-प्रतिशत राशन वितरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।अंत्योदय परिवारों को 35 किलो खाद्यान्न (गेहूं 24 किलो, चावल 11 किलो) एवं प्राथमिकता परिवारों के सदस्यों को 05 किलो खाद्यान्न (गेहूं 04 किलो. चावल 01 किलो) नि:शुल्क प्रदाय कराया जाएगा। सामग्री वितरण हेतु प्रत्येक दुकान पर पीओएस मशीन उपलब्ध एवं चालू हो। उचित मूल्य दुकानों पर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को आमंत्रित कर पात्रता अनुसार खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री का वितरण कराया जाएगा। स्थानीय निकाय द्वारा निर्धारित अवधि में राशन वितरण के लिए ग्रामों, वार्ड में राशन प्राप्त करने हेतु मुनादी कराई जाकर ग्रामवासियों को अवगत कराया जाएगा।

### मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन पर कार्यशाला

**उज्जैन।** गत दिवस सावित्री फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान (महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार) पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र इंदौर संवाद परियोजना अंतर्गत बालिका गृह की किशोरियों में पाई जाने वाली चिंता और उनके मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय बालिका गृह लालपुर उज्जैन में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती का दीप प्रज्जवलन कर किया गया। महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी द्वारा कार्यशाला के उद्देश्य के सम्बन्ध में बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में शांतिपूर्वक निर्णय लेने की क्षमता अवसाद से स्वयं दूर रहने, नकारात्मकता को दूर रखने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जो बच्चों के लिए बहुउपयोगी है। सहायक संचालक भवानी शंकर सालवी ने किशोरियों में पाई जाने वाली चिंता, उसके स्तर को कम रखने के उपायों पर बालिकाओं से संवाद किया। सहायक संचालक भूपेन्द्र दांडी द्वारा बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रबंधन की जानकारी दी गयी। चाइल्ड एवं क्लिनिकल साइकोलोजिस्ट डॉ. विनी झारिया द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, चिंता व पृथक पृथक मानसिक मुद्दों तथा लक्षणों पर बालिकाओं से चर्चा की गयी। बालिकाओं से कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम उनकी सहभागिता करवायी गयी। उक्त कार्यशाला का आयोजन सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास उज्जैन रीना शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

### सांस अभियान 28 फरवरी तक होगा

**उज्जैन।** बाल मृत्यु में कमी लाना मप्र शासन प्रमुख लक्ष्य है। पांच वर्ष तक के बच्चों में सबसे अधिक मृत्यु का कारण निमोनिया संक्रमण है। देश में बाल्यकाल में 16.3 प्रतिशत मृत्यु निमोनिया के कारण होती है। एस.आर.एस. 2003 रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश 44 प्रतिशत 1000 जीवित जन्म है, वर्तमान में 5. 1 प्रति हजार बच्चों की मृत्यु निमोनिया के कारण हो जाती है जिसे 3 प्रति हजार जीवित जन्म से कम किया जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि निमोनिया से होने मृत्यु को कम किए जाने हेतु समय पर लक्षणों की पहचान, प्रारंभिक उपचार एवं उचित स्वास्थ्य संस्था में रेफर तथा साथ ही निमोनिया के संबंध में जागरूकता आवश्यक है, साथ ही बच्चों में समुचित पोषण स्तर को बनाये रखने हेतु समस्त संसाधन का एकीकृत प्रबंधन किया जाना है। इसी तारतम्य में भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश में 12 नवंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक अभियान का आयोजन किया जा रहा है। सांस अभियान के अंतर्गत पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में समुदाय एवं संस्था स्तर पर संभावित निमोनिया के प्रकरणों की सही समय पर पहचान, संशोधित ङ्कस्ह्रष्टङ्क प्रोटाकॉल्स अनुसार उपचार एवं आवश्यकता पड़ने पर उचित संस्था में रेफरल, ष्ठस्स् के उपयोग को बढ़ावा देना है। इसके पश्चात स्वास्थ्य संस्थाओं की प्रोटोकॉल अनुसार तैयारी एवं रैफर प्रकरणों का प्रबंधन, सेवा प्रदाताओं की स्थित आधारित कौशलवृद्धि, समुदाय में निमोनिया की रोकथाम, बचाव एवं उपचार हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। अगले चरण में समुदाय में निमोनिया के प्रति कुरीतियों एवं अंधविश्वास में कमी लाए जाने, सामाजिक जागरुकता तथा व्यवहार परिवर्तन के संबंध में जानकारी प्रदाय करना है।

### संतोष वर्मा के विरुद्ध हुआ ब्राह्मण समाज

**उज्जैन।** संतोष वर्मा ने अजेक्स के एक सम्मेलन में ब्राह्मण बेटी के बारे में आप शब्द कहे थे। अब उसका एक नया वीडियो सामने आया है जिसमें वह कह रहा है कि हर घर में संतोष वर्मा पैदा होगा। पूर्व आईएएस डॉ. हीरालाल त्रिवेदी ने कहा कि यदि हर घर में संतोष वर्मा पैदा हुआ तो क्या समाज के हर घर की बेटी को खतरा होगा। संतोष वर्मा के विरुद्ध पूर्व में भी महिला उत्पीड़न का प्रकरण इंदौर कोर्ट में चल रहा है। फिर भी वह एक के बाद एक बिगड़े बोल बोलकर समाज में जहर फैला रहा है। मुख्यमंत्री और किसका इंतजार कर रहे हैं? जो उसके विरुद्ध ना तो एफआईआर दर्ज हो रही है और ना ही उसे निलंबित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में ब्राह्मण के 31 विधायक हैं। परंतु वह मौन रहे जबकि बिहार विधानसभा में एक विधायक ने यह मामला उठा दिया। भाजपा और कांग्रेस विधायकों की चुप्पी उनकी हताशा की प्रतीक है। सपाक्स के प्रवक्ता जेआर महुरकर ने बताया कि यदि 13 दिसंबर तक इसके विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई तब 14 दिसंबर को अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज एवं अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री बंगले का जो घेराव किया जा रहा है उसमें सपाक्स पार्टी भी उक्त घेराव शामिल होगी।



### मतदान से चुने गए गुजराती समाज के अध्यक्ष

**उज्जैन।** गुजराती समाज उज्जैन के संचालकों के चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें विकास परिषद् एवं मित्र मंडल के उम्मीदवारों ने अपना भाग्य आजमाया था। विकास परिषद् के 14 संचालक तथा मित्र मंडल के 12 संचालक में से नया अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया गुजराती समाज नईसडक उज्जैन पर सम्पन्न हुई। पूर्व अध्यक्ष संजीवभाई अमीन के अनुसार विकास परिषद की ओर से भरतभाई पांचाल व मित्र मंडल की ओर से प्रदीपभाई वेद का नाम अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तावित किया गया। एकमत न होने पर निर्वाचन की प्रक्रिया अपनाई गई। जिसमें विकास परिषद् के भरतभाई पांचाल ने 13 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की। मित्र मंडल के प्रदीपभाई वेद को 12 मत प्राप्त कर पराजित हुए। शेष पदों पर सर्वानुमति से मनोनयन हुआ। जिनमें से उपाध्यक्ष यशवंत भाई पटेल, सचिव संजयभाई आचार्य, कोषाध्यक्ष आशीषभाई नायक, सहसचिव उमेशभाई दवे मनोनीत हुए। सभी पदाधिकारियों को समाजजनों ने शुभकामनाएं दी।

### बंदियों के आयुष्मान कार्ड बनाए

**उज्जैन।** केन्द्रीय जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू ने बताया कि गत दिवस केन्द्रीय जेल में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत बंदियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 41 बंदियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया गया। जिसमें 01 बंदी का नवीन आयुष्मान कार्ड बनाया गया। 03 बंदियों के पूर्व में आयुष्मान कार्ड बने होने से डाउनलोड किए गए। शिविर के दौरान उप अधीक्षक जसमनसिंह डावर, सहायक जेल अधीक्षक सुरेश गोयल एवं जेल स्टॉफ उपस्थित था।

# एक तरफ मकान टूट गए, दूसरी तरफ नल कट गए, अवैध, लाखों की वसूली

## शांति नगर वासियों ने हाथों से तोड़े आशियाने, सिंहस्थ चौड़ीकरण की क़वायद फिर हुई शुरू, सेंट्रल लाइटिंग और पाथवे 40 करोड़ से बनेगा मार्ग





**उज्जैन।** महाकाल की नगरी में महाकुंभ 2028 की तैयारियां बड़े पैमाने पर प्रारंभ हो गई है। एक तरफ जहां अवैध निर्माण अतिक्रमण के मामले को लेकर नोटिस जारी किए गए,व सड़क चौड़ीकरण की जो क़वायद शुरू हुई। उसमें रहवासियों ने खुद मकान हटाना शुरू कर दिए। जिसे एक बड़ी पहल माना जा रहा है। वहीं बड़ी संख्या में अवैध नल काटने का भी अभियान शुरू हो गया है।

सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारी के साथ नगर निगम ने शहर में बड़े स्तर पर विकास और व्यवस्था सुधार की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को महापौर की समीक्षा बैठक में जल प्रदाय, अवैध कनेक्शन, सीवरेज और जनप्रतिनिधियों के मद से होने वाले कार्यों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वहीं दूसरी ओर शहर के प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण और अवैध नल कनेक्शन काटने की बड़ी कार्रवाई भी की गई। महापौर ने बैठक में कहा कि गर्मियों में अक्सर एक दिन छोड़कर जल वितरण करना पड़ता है। इसलिए अभी से ऐसी योजना तैयार की जाए जिससे गर्मी में भी नियमित जल सप्लाई दी जा सके। अवैध नल कनेक्शन काटते समय यदि कोई शासकीय कार्य में बाधा डाले तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाए। साथ ही जलकर की आय-व्यय का पूरा रिकॉर्ड प्रस्तुत करने और सीवरेज फेज-2 में चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। महापौर ने जनप्रतिनिधियों की मद से होने वाले कार्यों के टेंडर शीघ्र लगाने के भी निर्देश दिए। अभियान वार्ड क्रमांक 4, अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी, वेद नगर, नलिया बाखल, सेठी नगर, भैरवगढ़, सूरज नगर सहित 6 जोनों में चलाया गया। आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने जलकर दाताओं से अपील की है कि वे 13 दिसंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में बकाया राशि जमा कर विशेष छूट का लाभ लें। इसके बाद 4 से 5 गुना पेनल्टी के साथ जलकर जमा करना होगा।

### रहवासी खुद तोड़ रहे मकान का हिस्सा

सिंहस्थ 2028 को देखते हुए नगर निगम द्वारा गेल इंडिया से केटीएम शोरूम, शांति नगर, एकता नगर होते हुए नीलगंगा चौराहा तक 2.76 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया गया है। 40 करोड़ रुपए की लागत से 18 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी, जिसमें सेंट्रल लाइटिंग, डिवाइडर और पाथवे का निर्माण होगा। सेंट्रल मार्किंग और नोटिस जारी होने के बाद क्षेत्र के लोगों ने स्वयं अपने मकानों के चिन्हित हिस्से को हटाना शुरू कर दिया है। इस क्षेत्र का निरीक्षण कर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अधिकारियों को कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उज्जैन नगर निगम पीएचई विभाग ने जलकर बकायेदारों और अवैध कनेक्शन धारकों पर विशेष अभियान चलाकर एक ही दिन में 57 नल कनेक्शन काटे। वार्डों में टीमों ने मौके पर पहुंचकर न केवल अवैध कनेक्शन तोड़े बल्कि लाखों रुपए की बकाया जलकर राशि भी वसूली। कई ऐसे कनेक्शन भी काटे गए जहां घरेलू के बजाय कमर्शियल उपयोग किया जा रहा था या बिना अनुमति राइजिंग लाइन से जोड़ा गया था।

# 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ाया परियोजना अधिकारी

## उज्जैन लोकायुक्त टीम ने देवास रेलवे स्टेशन रोड पर की कार्रवाई

**उज्जैन। कार्यालय में काम करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर से 12 माह के वेतन में से दो माह का वेतन मांगने और नहीं देने पर दूसरे ऑपरेटर की नियुक्ति करने की धमकी देने वाले महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी को लोकायुक्त की टीम ने बुधवार को 5000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।**

लोकायुक्त डीएसपी दिनेशचंद्र पटेल ने बताया कि 4 दिसंबर को देवास जिले के बागली निवासी प्रीतेश तंवर ने उज्जैन कार्यालय आकर एसपी आनंद यादव को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह कार्यालय परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, बागली, जिला देवास में कम्प्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत है एवं तंवर ऑनलाइन सेंटर एवं फोटोकॉपी सेंटर से प्रपत्र टाइपिंग कार्य एवं ईमेल आदि कार्यों के संपादन करता है। जिसके एवज में 9 हजार महीना मिलता हैं। बागली महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी रामप्रवेश तिवारी उसे कार्यालय में लगातार कार्य करने के लिए साल के 12 माह के वेतन में से दो



महीने के रुपए 18 हजार देना देने का दबाव बन रहा है। रिश्वत के रूप में रुपए नहीं देने पर दूसरा ऑपरेटर रखने की धमकी दी जा रही है। वह 4000 पहले किश्त के रूप में दे चुका है लोकायुक्त टीम द्वारा मामले की पुष्टि की गई। शिकायत सही पाए जाने पर बुधवार को दूसरी किस्त के रूप में 5000 देना तय किया गया। शिकायतकर्ता के साथ लोकायुक्त टीम भी देवास पहुंची। जहां परियोजना अधिकारी द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत की राशि लेकर रेलवे स्टेशन मार्ग देवास पर बुलाया गया। अधिकारी ने जैसे ही रिश्वत की राशि लींलोकायुक्त की टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। रिश्वतखोर अधिकारी के हाथ धुलवाने पर उसके हाथ से गुलाबी पानी निकला जिसे बोतल में सीलबंद किया गया है। आरोपी के हाथ में मिले नोट पंजीबद्ध अधिकारियों ने मिलान किए। इसके बाद आरोपी को देवास विश्राम गृह ले जाकर संपूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया गया। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# पत्नी की बेरुखी से दुखी पति ने खाया जहरीला पदार्थ

## मोबाइल पर वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर किया शेयर



**उज्जैन। विवाद के बाद मायके गई पत्नी की बेरुखी से दुखी पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। मौत को गले लगाने से पहले उसने मोबाइल पर वीडियो बनाया और इंस्टाग्राम आईडी पर शेयर किया। पत्नी ने जैसे ही देखा देवर को भेजा और अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई।**

भैरवगढ़ क्षेत्र के श्री राम नगर में रहने वाले देवीलाल पिता भैरुलाल निनामा 27 वर्ष गिट्टी खदान पर काम करता था। तीन दिन पहले पत्नी रानी से उसका विवाद हो गया। पत्नी बच्चों को लेकर चली गई और वापस नहीं लौटी। पत्नी की बेरुखी से परेशान देवीलाल ने जहरीला पदार्थ खा लिया और इंस्टाग्राम आईडी पर वीडियो शेयर करते हुए डायलॉग अपलोड किया कि तुम खुश हो ना, दुनिया में तुम्हें कितना भी प्यार करने वाला मिल जाए लेकिन एक बात याद रखना, मेरे जैसा प्यार करने वाले के लिए तुम तरस जाओगी। जैसे ही वीडियो मायके में रह रही पत्नी ने देखा तो उसने पति के छोटे भाई कुलदीप को घर भेजा। कुलदीप घर पहुंचा तो भाई देवीलाल बेहोशी की हालत में पड़ा था उसे तत्काल निजी अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। बुधवार को पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों ने बताया कि देवीलाल तीन बच्चों का पिता था पत्नी का मायका जबरन कॉलोनी में है। भैरवगढ़ थाना पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा गया है। मृतक का मोबाइल जब्त कर जांच में लिया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पत्नी के मायके जाने से दुखी होने पर ही देवीलाल ने मौत को गले लगाया है। परिजनों और पत्नी के बयान दर्ज किए जाएंगे। फिलहाल परिजनों के अनुसार देवीलाल और रानी की शादी 8 साल पहले हुई थी। उनके बीच कोई बड़ा विवाद नहीं था ना ही घर में कोई परेशानी थी। मामूली बात पर पत्नी रुठ कर मायके चली गई थी।

### सड़क दुर्घटना में घायल की चार दिन बाद मौत

उज्जैन। 4 दिन पहले बाइक और जेसीबी के बीच हुई भिड़ंत में घायल युवक की उपचार के दौरान रात में मौत हो गई। मृतक युवक मिस्त्री का काम करता था दुर्घटना में उसका साथ दोस्त शोएब भी घायल हुआ था। नागझिरी स्थित गांधीनगर में रहने वाला साहिल पिता लियाकत पटेल मिस्त्री का काम करता था और भैरवगढ़ क्षेत्र में बना रहे आंखों के अस्पताल का काम कर रहा था। 5 दिसंबर को दोस्त शोएब के साथ काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। गरोठ मार्ग चिमनगंज क्षेत्र में जेसीबी से भिड़ंत हो गई थी। साहिल गंभीर रूप से घायल हुआ था शोएब को मामूली चोट लगी थी। साहिल को परिजन उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए थे जहां उपचार के दौरान रात में मौत हो गई। एक अन्य मामले में 13 दिन पहले रमेश पिता राजू 50 साल निवासी मालनवासा त्रिवेणी ब्रिज के समीप साइकिल से घर लौटते समय अज्ञात वाहन से हुई टक्कर में घायल हो गया था जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। नानाखेड़ा पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### महिला ने बाथरूम में रस्सी बांध लगाई फांसी

उज्जैन। मासूम बच्ची को कमरे में छोड़ बुधवार दोपहर महिला ने बाथरूम में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया और अंदर जाकर देखा तो महिला फंदे पर लटकी हुई थी। आगर रोड स्थित यादव कॉलोनी में रहने वाली मुस्कान पति तरुण प्रजापत 24 साल नव विवाहित थी। दोपहर 2.30 बजे के लगभग उसने बाथरूम में जाकर रस्सी का फंदा शावर से बांधा और गले में डाल लिया। सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस एफएसएल टीम के साथ पहुंची। शव को फंदे से उतर गया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया। पति लॉन्ड्री का काम करता है और घटना के समय वह कपड़ों की डिलीवरी देने के लिए गया हुआ था। मुस्कान का मायका विजियागंज मंडी में है। शाम को परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस के अनुसार अभी आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है। परिजनों के बयान और जांच के बाद ही घटना की वजह सामने आ पाएगी।

### राज्य शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** राज्य शिक्षक अध्यापक संघ ने प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता निर्धारण, पुरानी पेंशन बहाली एवं ई-अटेंडेंस जैसी ज्वलंत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम संबोधित ज्ञापन विकासखण्ड स्तर पर अधिकारियों को सौंपा। उज्जैन, बड़नगर, तराना, महिदपुर, घटिया तथा नागदा-खाचरोद विकासखण्डों में यह ज्ञापन एक साथ सौंपा गया। संघ ने बताया कि मप्र शासन द्वारा प्रदेश के लगभग 3 लाख शिक्षक-कर्मचारियों की 20 वर्ष की सेवा अवधि को समाप्त किए जाने पर व्यापक आक्रोश है। सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन न मिलना कर्मचारियों के आर्थिक भविष्य को प्रभावित कर रहा है। इसके अलावा ई-अटेंडेंस को लेकर अधिकारियों के दबावपूर्ण आदेशों से शिक्षक खुद को अपमानित महसूस कर रहे हैं, जिसके कारण प्रदेशभर में इसका विरोध किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष शेख मोहम्मद हनीफ ने जानकारी दी कि प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में 21 दिसंबर को जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन तथा 25 दिसंबर को भोपाल में महाआंदोलन किया जाएगा। इसी क्रम में उज्जैन जिले में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को सौंपे गए। उज्जैन में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आर्य को ज्ञापन ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश गोस्वामी ने सौंपा।

# होम गार्ड सैनिक ने रामघाट पर डूब रहे 2 साल के बच्चे को बचाया

**उज्जैन।** बुधवार को क्षिप्रा नदी के तट पर स्थित रामघाट के आरती स्थल पर महाराष्ट्र से आए श्रद्धालुओं का एक परिवार शिप्रा नदी में आस्था की डुबकी लगा रहे थे। परिवारजनों को गहराई का अंदाजा ना होने से उसकी माता एवं 02 वर्षीय पुत्र डूग्गु शिप्रा नदी में डूबने लगे। स्थिति को गंभीर होते देख वहां ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड सैनिक आशीष चौहान ने बिना समय गवाएं तुरंत साहसिक कदम उठाया व तत्काल नदी में छलांग लगा दी और बच्चे एवं मां को सुरक्षित बचा लिया। जवान की सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं बहादूरी से एक मासूम की जान सुरक्षित बचाई जा सकीं। इस सहासिक कार्य में सैनिक सन्नी परमार, सैनिक ईश्वर चौधरी, सुरेश सोलंकी द्वारा भी मदद की गई। जवानों द्वारा किए गए इस साहसिक कार्य के लिए जिला सेनानी संतोष कुमार जाट द्वारा उन्हे नगद पुरस्कार से पुरस्कृत भी किया गया। उल्लेखनीय है कि होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के सैनिकों द्वारा रामघाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु लगातार पेट्रोलिंग की जाती है। रामघाट पर तैनात होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के



जवानों ने विगत माहों में रामघाट पर कई नागरिकों को डूबने से सुरक्षित बचाया है। जवानों की सजकता का परिणाम है कि रामघाट पर इस वर्ष के दौरान सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं को स्नान के दौरान डूबने से जीवित बचाया गया है।

**निर्माण कार्यों की समीक्षा** | कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नगर निगम के कार्यों की समीक्षा की

# प्रगतिरत कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण करें ताकि नागरिकों को आवागमन में असुविधा ना हो



नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** सिंहस्थ के कार्यों को लेकर प्रशासनिक अधिकारी प्रतिदिन कार्यों का समीक्षा के साथ उनका निरीक्षण भी कर रहे हैं और अपने मातहतों को निर्देशित भी कर रहे हैं। साथ ही निर्माण एजेंसी को कार्यों को गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश भी दे रहे हैं।

इसी क्रम में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बुधवार सुबह प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में की। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, नगर निगम अपर आयुक्त संतोष टैगोर, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने प्रगतिरत कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे नागरिकों को असुविधा ना हो। नवीन मार्ग निर्माण स्थलों पर प्रकाश की व्यवस्थाओं के लिए नगर निगम अन्य विभागों से समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संपत्ति कर वसूली लक्ष्यानुसार करने पर विशेष ध्यान देने, सीएम मॉनिट और स्पेशल असिस्टेंस से किए जा रहे प्रचलित कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने सप्त सागरों के प्रचलित विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयावधि का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कालिदास उद्यान और उद्यानों के रख रखाव, पेयजल व्यवस्था में पर ध्यान देकर नियमित रूप से पेयजल की जांच कर रिपोर्ट संधारित करने के निर्देश भी दिए गए।

### सिंह ने किया नवीन कलेक्टर भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण



उज्जैन। जिला कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बुधवार को पुलिस कंट्रोल रुम के समीप माधवनगर क्षेत्र में बन रहे नवीन कलेक्टर कार्यालय भवन के प्रगतिरत निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य ऐजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में किया जाए। उन्होंने बताया कि नवीन कलेक्टर भवन का वर्तमान में बेसमेंट स्तर पर कार्य चल रहा है।